21. कहानी लेखन

कहानी भाषा की एक रोचक तथा कलात्मक विधा है। कहानियाँ सभी को बहुत भाती हैं। जो लोग कहानी पढ़ना या सुनना पसंद करते हैं, वे कहानी लिखना भी जल्दी सीख जाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को कहानी लेखन के मुख्य बिंदु बताएँ।
- ❖ बच्चों को कोई कहानी याद रह गई हो तो सुनें।
- ❖ पूछें, उन्हें कैसी कहानियाँ पसंद आती हैं। क्या उन्हें कहानी लिखना अच्छा लगता है आदि बातचीत द्‌वारा बच्चों की रोचकता बनाए रखें।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दी गई कहानियाँ बच्चों से पढ़वाएँ। सभी बच्चों को थोड़ा-थोड़ा अंश पढ़ने को कहें।
- ❖ अभ्यास के लिए दिए गए कहानी के चित्रों पर चर्चा करते हुए बच्चों से उसमें छिपी कहानी जानने का प्रयास करें। तदुपरांत उन्हें कहानी लिखने को कहें।
- ❖ बच्चों की लेखन अभिव्यक्ति को जाँचें। कहानी शिक्षा पर भी चर्चा करें।